## खास-खबरें

### अतिवृष्टि से एनएच-135 बीजी के सतना-चित्रकूट मार्ग को नुकसान



**सतना ।** 28 एवं 29 अगस्त 2026 को क्षेत्र में हुई 120 मि.मी. से अधिक वर्षा के कारण पैसुनी (मंदाकिनी) नदी में जलस्तर बढ़ने तथा तेज जलप्रवाह के चलते एनएच-135 बीजी के सतना-चित्रकूट सेक्शन में कई स्थानों पर सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के अंतर्गत रीवा परियोजना कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना-चित्रकूट सेक्शन लगभग 78 किलोमीटर लंबा है, जिसे दिसंबर 2025 में एमपीआरडीसी, रीवा डिवीजन द्वारा 4-लेन निर्माण हेतु एनएचएआई को हस्तांतरित किया गया था। मार्ग के रख-रखाव एवं अनुरक्षण के लिए ओ-एम एजेंसी नियुक्त है, जिसके द्वारा नियमित निगरानी एवं अनुरक्षण कार्य किया जा रहा है। अत्यधिक वर्षा के कारण मझगवां के पास पिंडरा पेट्रोल पंप के सामने जलभराव एवं तेज जलप्रवाह की स्थिति बनी। समीप स्थित चेक डैम का जलस्तर बढ़ने के बाद उसके गेट खोले जाने से अचानक तेज जलप्रवाह हुआ, जिससे लगभग 300 मीटर सड़क के हिस्से में कटाव एवं धंसाव हुआ और यातायात अस्थायी रूप से प्रभावित हुआ।

### कटकोना तिराह पर जलभराव से अवरुद्ध आवागमन प्रशासन ने कराया सुचारू

**शहडोल।** कटकोना तिराहे से बुढार की ओर जाने वाली सड़क पर बरसात के कारण अत्यधिक पानी भर जाने से आवागमन अवरुद्ध हो गया था। सड़क पर गड्ढे हो जाने के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था तथा दुर्घटनाएं भी घटित हो रही थीं। स्थिति की जानकारी मिलते ही प्रशासन द्वारा एनएचआई एवं संबंधित अमले के सहयोग से मौके पर कार्रवाई की गई।

सड़क पर निर्मित नाले को खुलवाकर जल निकासी की व्यवस्था सुचारू कराई गई। इसके साथ ही सड़क पर गिट्टी डालकर गड्ढों को भरवाया गया। जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद सड़क पर जमा पानी निकल गया है और वर्तमान में कटकोना तिराहे से बुढार की ओर आवागमन पूरी तरह सुचारू हो गया है।

### मत्स्य पालकों को 6 सितंबर से शासकीय दर पर मिलेगा मत्स्य बीज

**अनुपपुर।** मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग, अनूपपुर द्वारा जिले के शासकीय तालाबों, शासकीय जलाशयों एवं निजी तालाबों के पट्टाधारकों को मत्स्य पालन हेतु शासकीय दर पर मत्स्य बीज का वितरण किया जाएगा। मत्स्य बीज का वितरण 06 सितंबर 2026 से मत्स्य बीज प्रक्षेत्र राजेन्द्रग्राम से प्रारंभ होगा। विभाग द्वारा बताया गया है कि इच्छुक मत्स्य पालक निर्धारित शासकीय दर पर राशि जमा कर अपनी आवश्यकता के अनुसार मत्स्य बीज प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने जिले के संबंधित मत्स्य पालकों से निर्धारित तिथि से मत्स्य बीज प्रक्षेत्र राजेन्द्रग्राम पहुंचकर मत्स्य बीज प्राप्त करने का आग्रह किया है।

### जिले में अब तक औसत 844.8 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 4 सितम्बर तक की अवधि में औसत रूप से कुल 844.8 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। 4 सितम्बर की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसत 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी क्रम में जिले की तहसील नरसिंहपुर में 78 मिमी, गाडरवारा में 12 मिमी, गोटेगांव में 25 मिमी, करेली में 24 मिमी और तेंदूखेड़ा में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलदार भू- संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 सितम्बर तक तहसील नरसिंहपुर में 904 मिमी, गाडरवारा में 804, गोटेगांव में 982 मिमी, करेली में 774 मिमी और तेंदूखेड़ा में 760 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसत 1294.2 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 1268 मिमी, गाडरवारा में 1564 मिमी, गोटेगांव में 1138 मिमी, करेली में 1135 मिमी और तेंदूखेड़ा 1366 मिमी वर्षा हुई थी।

### इंदिरा चौक-न्यू बस स्टैंड मार्ग के निर्माण में आई तेजी

**शहडोल।** शहर के प्रमुख इंदिरा चौक से न्यू बस स्टैंड मार्ग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्ग के निर्माण कार्य में अब तेजी दिखाई देने लगी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी द्वारा 3 सितंबर को किए गए निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य धीमी गति से चलता पाया गया था। इस पर उन्होंने मौके से ही संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने मार्ग पर निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत पोल की शिफ्टिंग का कार्य प्राथमिकता से कराने तथा दुकानों के सामने लंबे समय से पड़े निर्माण सामग्री एवं मलबे को हटाने के लिए संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया। सीएमओ के निर्देश के बाद शुक्रवार को मार्ग पर विद्युत पोल लगाने एवं शिफ्टिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। वहीं दुकानों के सामने पड़े मलबे को हटाने की कार्रवाई भी जारी है। इससे सड़क निर्माण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है और आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी ने संबंधित उपयंत्री, ठेकेदार एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

### देवनगर में आयोजित कलश वंदन यात्रा में शामिल हुए मंत्री पटेल

# संत रविदास जी के जीवन, तपस्या और विचारों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता : मंत्री पटेल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, नरसिंहपुर :** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के जीवन, तपस्या और विचारों से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। संत रविदास जी ने अपने ज्ञान, भक्ति, कर्म और सामाजिक समरसता के संदेश से समाज को नई दिशा दी। आज उनके विचारों को व्यापक स्तर पर समाज तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

मंत्री श्री पटेल ग्राम मुंगवानी मंडल के ग्राम देवनगर स्थित नया हनुमान मंदिर प्रांगण में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित 'कलश वंदन यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि सागर में संत रविदास जी के भव्य मंदिर निर्माण के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 100 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। यह संत रविदास जी के प्रति समाज की श्रद्धा और उनके विचारों के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमें केवल संत रविदास जी की जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके जीवन और संदेश को आत्मसात करना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संत रविदास जी ने ऐसे समय में समाज को दिशा दी, जब सामाजिक भेदभाव और छुआछूत जैसी कुरीतियां गहराई तक मौजूद थीं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने ज्ञान, भक्ति, कर्म और सामाजिक समरसता का मार्ग अपनाया। उनके जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि मनुष्य की श्रेष्ठता उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान, कर्म, आचरण और भक्ति से निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी की प्रतिभा, आध्यात्मिक चेतना और विचारों ने समाज के विभिन्न वर्गों को भक्ति, समानता और मानवता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया। उनका प्रभाव किसी एक क्षेत्र या समुदाय तक सीमित नहीं रहा। उनकी शिष्या के रूप में भक्त शिरोमणि मीराबाई का नाम भी श्रद्धा से लिया जाता है।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यदि समाज संत रविदास जी के जीवन और संदेश से प्रेरणा लेकर जातिगत भेदभाव और छुआछूत से ऊपर उठकर एकता, समरसता और मानवता को अपनाए, तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

गोटेगांव विधायक श्री महेंद्र नागेश ने कहा कि संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी ने ऐसे समाज की परिकल्पना की थी, जहां कोई भूखा न रहे और सभी का सम्मान हो। उन्होंने सामाजिक समरसता और भारत की अखंडता का संदेश दिया। श्री रामसनेही पाठक ने बताया कि कलश वंदन यात्रा एवं सामाजिक समरसता संकल्प अभियान का शुभारंभ 7 जुलाई 2026 को हुआ है, जो 20 फरवरी 2027 को माघी पूर्णिमा तक चलेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, श्री कमल खटीक, श्री महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चौधरी रंजीत सिंह ने किया तथा आभार प्रदर्शन श्री नीलेश शर्मा ने किया।

# गरीबों के आर्थिक विकास को बैंकर्स सर्वोच्च प्राथमिकता दें : सांसद

### स्वरोजगार योजनाओं के सभी प्रकरण 31 अक्टूबर तक स्वीकृत और वितरित करें : कलेक्टर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा :** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति की बैठक में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों की स्वीकृति में बैंकों का रवैया ठीक नहीं है। सभी बैंकर्स सकारात्मक दृष्टिकोण से गरीबों के आर्थिक विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ऋण प्रकरण स्वीकृत और वितरित करें। प्राथमिकता के क्षेत्र कृषि और आवास में निवेश करके जिले के सीडी रेशियो में सुधार कराएं। जिले की आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि से ही बैंकों के कारोबार में वृद्धि होगी। गरीबों के छोटे-छोटे ऋण प्रकरणों को अमान्य करके बैंक अपना नुकसान कर रहे हैं। गरीबों को स्वरोजगार योजनाओं से आर्थिक विकास का अवसर दें। गरीबों के हितों पर कुठाराघात को सहन नहीं किया जाएगा। बैंकर्स कार्रवाई के लिए बाध्य न करें।

बैठक में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि जिले के आर्थिक विकास को गति देने के लिए लगातार बैंकर्स के साथ बैठक की जा रही है। सभी स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े अधिकारी 15 सितम्बर तक लक्ष्य से 25 प्रतिशत अधिक प्रकरण बैंकों में दर्ज कर दें। बैंकर्स के साथ नियमित संवाद रखें। सभी बैंकर्स स्वरोजगार योजनाओं के निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत प्रकरण 31 अक्टूबर तक स्वीकृत और वितरित करें। मछलीपालन, पशुपालन, पिछड़ावर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, ग्रामोद्योग, ग्रामीण आजीविका मिशन तथा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में बड़ी संख्या में प्रकरण बैंकों में लंबित हैं। निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार प्रकरणों का 15 दिन में अनिवार्य रूप से बैंकर्स निराकरण करें। स्वरोजगार प्रकरणों के निरस्त करने में मनमानी नहीं चलेगी। उचित बैंकिंग कारण होने पर ही प्रकरण अमान्य करें। प्रकरण में किसी भी प्रकार की कमी है तो संबंधित विभाग के अधिकारी से संपर्क कर कमी दूर कराएं और प्रकरण स्वीकृत करें।

कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के संबंध में अधिकांश बैंकर्स ने नकारात्मक धारणा बना ली है। जिस रीवा जिले में बैंकर्स पदस्थ हैं और बैंकिंग व्यवसाय कर रहे हैं उस रीवा के आर्थिक विकास में सहयोग देना आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। गरीबों के हित संवर्धन की उपेक्षा सहन नहीं की जाएगी। डीएलसीसी की महत्वपूर्ण बैठक में भी बैंकर्स मनमानी तरीके से आंकड़े प्रस्तुत कर रहे हैं।

### चित्रकूट में भोजन वितरण को लेकर जिला प्रशासन सतना सख्त

# बिना अनुमति भोजन वितरण पर रोक, गुणवत्ता से समझौता नहीं प्रशासन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सतना :** स्थानीय नगर पालिका प्रशासन चित्रकूट एवं जिला प्रशासन सतना के संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों, संस्थाओं एवं समाजसेवियों द्वारा बिना सक्षम अधिकारियों को सूचित किए अथवा अनुमति प्राप्त किए तैयार भोजन के पैकेट का स्वविवेक से वितरण किया जा रहा है।

जिला प्रशासन ने इसे उचित नहीं मानते हुए स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था भोजन वितरण का कार्य न करे। जिला प्रशासन सतना द्वारा बताया गया कि चित्रकूट में दीनदयाल अंत्योदय रसोई के भोजन को भी परीक्षण के उपरांत ही वितरित किया जा रहा है। प्रशासन भोजन की गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रभावित लोगों को ताजा, गर्म एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। भोजन की गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के संबंध में प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि वीडियो बनाने वाले रामपुर बघेलान नगर पंचायत के फायरमैन कर्मचारी सुखलाल एवं वीरेन्द्र थे। दोनों कर्मचारियों के अनुसार उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया भोजन ग्रहण पैकेट वाला नहीं लेते हुए किसी अन्य संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया भोजन (पन्नी) में पैक्ड लिया था। प्रशासन के अनुसार चित्रकूट में दोनों कर्मचारियों को समक्ष बुलाकर उनकी बात सुनी गई तथा उनसे गलत खबर का खंडन भी कराया गया है। जिला प्रशासन सतना ने पुनः स्पष्ट किया है कि चित्रकूट में सभी प्रभावित लोगों को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण, ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।



### आंगनबाड़ी केन्द्रों में उल्लासपूर्वक मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रवेश मिश्रा के नेतृत्व में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 'नन्हे कान्हा के संग, पोषण और खुशियों के रंग' थीम पर विशेष आयोजन किए गए।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप एवं लीलाओं पर आधारित आकर्षक झांकियां सजाई गईं। नन्हे-मुन्ने बच्चे कान्हा के रूप में सजकर उत्सव में शामिल हुए, जिससे केन्द्रों का वातावरण भक्तिमय और आनंदमय हो गया। जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों के लिए विशेष पोषण आहार एवं भोज की व्यवस्था की गई। इसमें खीर, पूरी, सब्जी एवं लड्डू वितरित किए गए।

# बीटीआई स्कूल में आयोजित हुई विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता

**नईदुनिया प्रतिनिधि, गाडरवारा :** गत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाह के मार्गदर्शन, बीईओ सुश्री सीमा डोंगरे के निर्देशन एवं प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल के नेतृत्व में स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उ मा विद्यालय (बीटीआई) में बालरंग प्रतियोगिता 2026 अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

आयोजन में विकासखंड के विद्यालयों ने सहभागिता कर विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस आयोजन में छात्र छात्राओं ने भाषण, कविता पाठ, निबंध लेखन, संगीत, नृत्य, कव्वाली, प्रश्न मंच सहित अनेक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन में निम्न प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिनमें प्रमुख रूप से निबंध प्रतियोगिता में कुमारी सिद्धि श्रीवास्तव कन्या शाला गाडरवारा, स्वरचित काव्य पाठ में प्रथम स्थान गगन रजक आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा,पाठ पुस्तक आधारित कविता में प्रथम स्थान लक्ष्मी निधि रजक शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा, प्रश्न मंच में प्रथम स्थान वंश केवट पीएम श्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा, तात्कालिक भाषण में मेघा सराठे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा, सुगम संगीत में प्रथम स्थान विद्या मालवीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा, ढोलक वादन में प्रथम स्थान दीपेश छीपा पीएम श्री बीटीआई स्कूल गाडरवारा, लोकगीत में प्रथम स्थान कृष्ण द्विवेदी बीटीआई स्कूल गाडरवारा, लोक नृत्य में पूजा जाटव कन्या नवीन गाडरवारा,नृत्य नाटिका में चांदनी जाटव कन्या नवीन गाडरवारा, निबंध संस्कृत में नैतिक शर्मा आदर्श गाडरवारा,कब्बाली में विद्या मालवीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा ने प्राप्त किया। इसके अलावा दिव्यांग प्रतिभागियों में ढोलक वादन में सुमित रजक आदर्श गाडरवारा,चित्रकला में ईशान हुसैन पीएम श्री विद्यालय बीटीआई गाडरवारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



# कार से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद, इंदौर-खरगोन-बड़वानी के पांच युवक गिरफ्तार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए रतलाम पुलिस ने एक कार से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने कार में सवार पांच युवकों को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ईको कार में मादक पदार्थ लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर रिंगनोद थाना क्षेत्र की ढोढर चौकी पुलिस ने महू-नीमच फोरलेन पर सर्किट हाउस के सामने घेराबंदी की। संदिग्ध कार को रोककर तलाशी लेने पर उसमें से 100 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ तस्करी में इस्तेमाल की जा रही कार को भी जब्त कर लिया। कार में सवार पांचों युवकों को मौके से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित इंदौर, खरगोन और बड़वानी जिलों के निवासी बताए गए हैं।

मामले में पुलिस ने खरगोन जिले के फारूख मेवाती, इंदौर के अरबाज खान पठान और साहिल शेख तथा बड़वानी जिले के अंजड़ निवासी इमरान मंसूरी और शाहरूख मंसूरी को गिरफ्तार किया है।

जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय के अनुसार पुलिस अब आरोपितों से मादक पदार्थ के स्रोत और पूरे सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी और इसे किन लोगों तक पहुंचाया जाना था।

पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

### कलेक्टर की पहल से सिंगरौली में मशरूम उत्पादन को मिलेगा नया विस्तार

**सिंगरौली।** जिले में ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार से जोड़ने और स्व-सहायता समूहों की आय बढ़ाने की दिशा में कलेक्टर श्री गौरव बैनल की पहल अब व्यावसायिक मशरूम उत्पादन के संगठित मॉडल का रूप लेने जा रही है। कलेक्टर द्वारा जिले में छोटे स्तर पर संचालित मशरूम उत्पादन इकाई का अवलोकन कर इसकी संभावनाओं को समझने के बाद स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को इस गतिविधि से जोड़ने का सुझाव दिया गया था। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए अब स्व-सहायता समूह की महिलाओं को तकनीकी विशेषज्ञ के साथ जोड़कर बड़े स्तर पर मशरूम उत्पादन की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसी संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्री गौरव बैनल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्व-सहायता समूह की महिलाओं, मशरूम उत्पादन से जुड़े तकनीकी व्यक्ति तथा जिला पंचायत एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में छोटे स्तर पर संचालित मशरूम उत्पादन को संगठित रूप देकर महिलाओं के लिए नियमित एवं टिकाऊ आय का माध्यम बनाने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर श्री बैनल ने कहा कि जिले में बटन मशरूम उत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं हैं और इसे स्व-सहायता समूहों से जोड़कर रोजगार एवं आय का प्रभावी मॉडल विकसित किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएसआर मद के माध्यम से आवश्यक सहयोग प्राप्त कर एक बड़े क्लस्टर आधारित मशरूम उत्पादन मॉडल की दिशा में कार्य किया जाए। प्रस्तावित मॉडल में प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग के साथ-साथ स्पॉन एवं कम्पोस्ट की व्यवस्था, बड़े पैमाने पर उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, भंडारण और विपणन की समेकित व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया।

# ई-स्कूटी में विस्फोट से लगी आग में झुलसी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने भी तोड़ा दम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलामः** विंध्यावासिनी कॉलोनी में ई-स्कूटी की बैटरी में विस्फोट के बाद घर में लगी भीषण आग में झुलसी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिंदुकुंवर की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हादसे में उनकी 16 वर्षीय बेटी अंतिम की मौत पांच दिन पहले हो चुकी थी। दोनों का इंदौर में उपचार चल रहा था।

घटना 19 अगस्त की रात की बताई गई है। उस समय बिंदुकुंवर अपनी दोनों बेटियों अंतिम और विजय लक्ष्मी के साथ घर में सो रही थीं। अचानक धुआं फैलने और आग लगने के बाद उनकी नींद खुली तो घर में चारों ओर आग फैल चुकी थी। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने मशक्कत के बाद तीनों को घर से बाहर निकाला।

हादसे में बड़ी बेटी विजय लक्ष्मी सुरक्षित बच गई, जबकि बिंदुकुंवर और अंतिम गंभीर रूप से झुलस गई थीं। दोनों को पहले रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया और बाद में बेहतर उपचार के लिए इंदौर भेजा गया।

बताया गया कि सोमवार रात मां और बेटी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अगले दिन सुबह अंतिम की मौत हो गई, जबकि मां को गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया।



शनिवार शाम करीब चार बजे बिंदुकुंवर ने भी दम तोड़ दिया।

आग इतनी भीषण थी कि घर का अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया। पंखे, कूलर और पीवीसी की छत तक आग की चपेट में आ गई। जिस कमरे में आग लगी थी, वहां ई-स्कूटी रखी हुई थी। परिजनों के अनुसार स्कूटी चार्जिंग पर नहीं लगी थी, लेकिन सुबह करीब चार बजे उसकी बैटरी में विस्फोट होने के बाद आग फैल गई।

बिंदुकुंवर अपनी दोनों बेटियों के साथ रहती थीं और उनकी देखभाल करती थीं। परिजन उनका शव तंबोलिया गांव ले जाएंगे, जहां रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**स्पेशल खबर** जन्माष्टमी पर विधायक रीती पाठक ने नेबूहा पश्चिम में किया गौ पूजन

# गौसेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग, प्रदेश सरकार गौवंश संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध : रीती पाठक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीधी :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर विधानसभा सीधी की विधायक रीती पाठक ने ग्राम पंचायत नेबूहा पश्चिम में आयोजित गौ पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर विधि-विधान से गौ माता का पूजन एवं आरती की। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए गौसेवा और संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

विधायक रीती पाठक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन गौसेवा, प्रकृति प्रेम, करुणा और लोककल्याण का संदेश देता है। जन्माष्टमी का पर्व हमें भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और समाज में सेवा, सद्भाव तथा संवेदना की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता को सदैव श्रद्धा और सम्मान का स्थान मिला है। गौवंश ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार गौवंश के संरक्षण, संवर्धन और गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता है कि गौवंश की बेहतर देखभाल के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया जाए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गौ संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयासों में जनसहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे निराश्रित गौवंश की देखभाल, गौसेवा और संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कर्म, धर्म, करुणा और लोककल्याण का मार्ग दिखाया। आज आवश्यकता है कि हम उनके जीवन-दर्शन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

कार्यक्रम में सरपंच सुशीला भुर्तिया, उपसंचालक पशु पालन विभाग डॉ वंदना जैन, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीणजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौ पूजन एवं आरती के पश्चात उपस्थित लोगों ने गौसेवा और संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

